SPS/CIR/025/2025-26

DATE: 11.07.2025

स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल

अंतर सदनीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता

कक्षा 9- 12 (2025-26)

प्रिय अभिभावकगण

सादर अभिवादन !

आपको सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 02 सितंबर 2025 को बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन छात्रों की तर्कशीलता, बुद्धि कौशल, वाक्पटुता, अनुनय की शक्ति और आलोचनात्मक सोच कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक आकर्षक मंच प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण बिंदु-

- प्रतियोगिता पारंपरिक वाद-विवाद प्रारूप में आयोजित की जाएगी जिसमें प्रत्येक सदन का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें प्रतिभाग करेंगी।
- प्रत्येक टीम में 4 वक्ता होंगे। एक सदन के सभी 4 वक्ता या तो प्रदत्त विषय के पक्ष में बोलेंगे या विपक्ष में।
- प्रत्येक वक्ता को अपने विचार रखने के लिए अधिकतम 3 मिनट का समय दिया जाएगा।
- प्रतिभागियों को वाद-विवाद के लिए चयनित विषय 15 दिन पहले प्रदान किए जाएँगें।
- इच्छुक छात्रों को 16 जुलाई 2025 तक अपने संबंधित हाउस इंचार्ज के पास अपनी भागीदारी दर्ज करानी होगी।
- संबंधित हाउस के लिए चयन 18 जुलाई 2025 को किया जाएगा।
- पंजीकरण कक्षा 9-12 के छात्रों के लिए खुला है।

निर्णय मापदंड-

- तर्कों की स्पष्टता और सुसंगतता
- तार्किक तर्क और साक्ष्य-आधारित समर्थन
- प्रस्तुति कौशल और आत्मविश्वास
- आवाज़ में उतार-चढ़ाव
- प्रतिद्वंद्वी के तर्कों का खंडन
- शारीरिक भाषा
- समग्र प्रेरक क्षमता

पुरस्कार-

- विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे।
- उत्कृष्ट व्यक्तिगत वक्ताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्याध्यापक

प्रधानाचार्य

Scanned with OKEN Scanner